पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-5 सोमवार, दिनांक-28 फरवरी, 2011 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.55 बजे अपराह्न तक ।

(1) **प्रश्नोत्तर काल** :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 15 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(ii) 19 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक 155 एवं 156 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(v) 09 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(2) **शून्यकाल** :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों ने राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया :-

(i) श्री संजय सिंह 'टाइगर'

(ii) श्री रामायण मांझी

(iii) श्री रामदेव महतो

(iv) श्री रामचन्द्र सदा

(v) श्री पद्म पराग राय वेणु

(vi) श्री विनय कुमार सिंह

(3) **ध्यानाकर्षण सूचना** :-

(i) सर्वश्री डा० अच्युतानन्द, महेन्द्र बैठा एवं अन्य तीन सभासदों की राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य डा० अच्युतानन्द द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसके उत्तर के लिए दिनांक 10.03.2011 तक का समय लिया गया ।

(ii) सर्वश्री जनार्दन मांझी, गिरिधारी यादव एवं अन्य सात सभासदों की खान एवं भूतत्व विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री जनार्दन मांझी द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(4) <u>अन्य चर्चा</u> :-

महामहिम राज्यपाल द्वारा दो विधेयकों पर अपनी अनुमति रोके जाने के विषय को माननीय सदस्य श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमती उषा सिन्हा, डा० अच्युतानन्द, श्री विनोद नारायण झा, श्री रामेश्वर पासवान एवं डॉ० इजहार अहमद द्वारा उठाया गया । इस विषय पर माननीय प्रभारी मंत्री मानव संसाधन विकास विभाग तथा माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा भी अपना विचार रखा गया ।

आसन द्वारा घोषणा की गई कि चलते सत्र में इसपर नियमन दिया जायेगा ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 02.00 बजे अप० से 4.00 बजे अप० तक ।

(5) <u>वित्तीय कार्य</u> :- <u>वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श :-</u>

वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:-

(i) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी
(ii) श्री नरेन्द्र कुमार सिंह

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(iii) श्री राम प्रवेश राय
(iv) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह
(v) डॉ० अच्युतानन्द

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

आसन से घोषणा की गई कि वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श कल भी जारी रहेगा ।

(6) <u>निवेदन</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 15 निवेदनों को सभा की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 01 मार्च, 2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-28.02.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।